## गुरुनानक के प्रकाश पर्व पर निकाली शोभायात्रा

**मंडला, देशबन्धु।** आराध्य श्री गुरूनानक देव जी के 555 वें प्रकाश पर्व को सिंधी समाज के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः काल विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में पुरूष महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर गुरू के जयकारे और भजनों के साथ शोभायात्रा गुंजायमान रही। शोभायात्रा अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरूद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर पडाव, दुर्गा मंदिर, चिलमन चौक, कमानिया गेट, बुधवारी, रंगरेज घाट होते हुए पुनः श्री गुरूद्वारा साहिब में संपन्न हुई,जगह-जगह शोभायात्रा का आतिशबाजी, फूलमाला एवं आरती से स्वागत किया गया।



शोभायात्रा के दौरान शुकर करा मेरे दाता तेरा शुकर करा भजनों से शोभायात्रा गुंजायमान रही। शोभायात्रा में महिलाओं एवं इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। गुरू के भजनों पर नाच गायन की मनोरम प्रस्तुति दी,सामाजिक जनों के द्वारा शोभायात्रा के लिए विशेष तैयारियां की गई,इसके पश्चात् श्री गुरूद्वारा साहिब में सामाजिक जनों की मौजूदगी में आरती पूजा के साथ सभी जनमानस के लिए खुशहाली के लिए कामना की गई,दोपहर 12 बजे भजन कीर्तन और गुरूग्रंथ साहिब के साप्ताहिक पाठ के भोग का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सामाजिक जनों के द्वारा आकर्षक फूलों की चादर गुरु को चढ़ाई गई। इसके बाद निःसहाय परिक्रमा वासियों को कंबल वितरित किए गए,इसके पश्चात सामाजिक आम लंगर आयोजित रहा जिसमें शामिल जनों ने महाप्रसादी ग्रहण की,रात्रि में सामाजिक जनों की मौजूदगी में श्री गुरूनानक देव का जन्मोत्सव मनाया गया एवं भाई साहब हरनाम उदासी के द्वारा संगीत मय भजन संध्या का आयोजन किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

**शोभायात्रा का हुआ पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत-** श्री गुरूनानक जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में महिलाओं ने आगे आगे चलते हुए प्रस्तावित मार्ग में झाड़ू लगाते एवं जल डालते हुए स्वच्छता हेतु कार्य किया और फूल बरसाते हुए शोभायात्रा के मार्ग को खूबसूरत बनाया, शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा एवं आतिशबाज़ी से स्वागत किया गया जिसमें स्थानीय जनों ने शामिल होकर माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सभी के लिए सुख शांति के लिए कामना की।

## बच्चों को सिखाने का है नायाब तरीका: पीएचई मंत्री

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले के यातायात पुलिस में पदस्थ सूबेदार योगेश राजपूत एक हुनूरमंद पुलिस कर्मी है, इनकी जितनी तारीफ की जाए, उतनी ही कम है, योगेश राजपूत लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए तरह-तरह के प्रयोग करते है, इन्हीं एक प्रयोग में श्री राजपूत ने विगत दिवस एक बार फिर अपने हुनर से सबको अश्चार्यचकित कर दिए। इन्होंने इस बार एक रोबोट डॉल बना दी, जो बच्चों को गुड टच, बैड टच के बारे में सिखाएगी। श्री राजपूत के हुनर से मंडला पुलिस का नाम रोशन हो रहा है। इनके नयाब प्रयोग लोगों और छात्रों को जागरूक करने में कारगार सिद्ध हो रहे है। मंडला जिला मुख्यालय में आयोजित फूड फेस्टिबल के प्रदर्शनी कार्यक्रम में रोबोट डॉल का प्रदर्शन किया। जहां सभी ने इस डॉल की तारीफ किये।

जानकारी अनुसार मंडला फूड फेस्टिबल के आयोजन में मंडला पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। आयोजित प्रदर्शनी में गुड टच बेड टच रोबोट डॉल को भी लगाया गया। जहां प्रदर्शनी में आने वाले लोगों और बच्चों को इसका प्रदर्शन किया गया। फूड फेस्टिबल प्रदर्शनी में कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके भी पहुंची और मंडला पुलिस द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## अज्ञात वाहन ने मारी बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**मंडला, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे 30 में सफर करना सुरक्षति नहीं है। रोजाना सड़क हादसे हो रहे है। नारायणगंज से मंडला मार्ग में चिरी और लालीपुर ग्राम के बीच एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। हादसे की जानकारी डायल 100 और एम्बुलेंस को सूचना दी। लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा। घायल को निजी एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज ले जाया गया।

जानकारी अनुसार ग्राम लालीपुर और चिरी के पास एक अंधा मोड़ और घाट है, जहां अक्सर हादसे होते है। गुरूवार को दोपहर करीब 3 बजे एक मोटरसाईकिल सवार को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। घायल व्यक्ति की भी पहचान नहीं हो पा रही है। हादसे में घायल व्यक्ति की हालत गंभीर बताई गई है।

बताया गया कि हादसा होते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और डायल 100 और एम्बुलेंस को सूचना दी, लेकिन समय पर ना पुलिस पहुंची और ना ही एम्बुलेंस। वही मंडला से जबलपुर की ओर एक निजी एम्बुलेंस लौट रही थी। स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को उसी एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लेकर पहुंचे। जिसके बाद टिकरिया पुलिस स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। अज्ञात व्यक्ति की पहचान के लिए पूछताछ की गई लेकिन घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। घायल व्यक्ति की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे जबलपुर मेडिकल रैफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति की पहचान के लिए पतासाजी की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### सार-समाचार

## निवारी वितरण केन्द्र में बिजली योजना का शिविर आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** निवारी वितरण केंद्र के ग्राम पंचायत पिंडरई में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का कैंप लगाया गया। जिसमें उपभोक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं सोलर सिस्टम के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इस शिविर में 12 उपभोक्ताओं ने रुचि जाहिर की एवं सोलर लगवाने के लिए सहमति जताई। शिविर का आयोजन में सरपंच ग्राम पंचायत पिंडरई एवं उप सरपंच का भी सहयोग प्राप्त हुआ । विद्युत विभाग से सहायक अभियंता पल्लव स्वर्णकार, कनिष्ठ अभियंता अशोक धुर्वे एवं क्षेत्रीय लाइन कर्मचारी अभिषेक जाटव उपस्थित रहे।

## अभाविप शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**मंडला, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रतिवर्ष महाविद्यालय की पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी बनाई जाती है। इस कड़ी में अभाविप नैनपुर महाविद्यालय की नवीन कार्यकारिणी गठित हुई। नगर मंत्री नितेश साहू ने बताया कि विद्यार्थी परिषद एक मात्र छात्र संगठन है जो राष्ट्र हित में लगातार 75 वर्ष से कार्यरत है। विद्यार्थी परिषद को विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त है।

विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही विधार्थी हित में कार्य कर रहा है। इसके बाद कार्यकारिणी घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष रविंद्र यादव, उपाध्यक्ष अरुणा राज आकांक्षा धुर्वे पायल चंद्रवंशी जयंत झरिया,मंत्री उर्मिला पोशाम, सह मंत्री नेहा उइके संजना नागवंशी तनु गुप्ता प्रांजल झरिया, एसएफडी प्रमुख शबनम वरकड़े सह प्रमुख तनु यादव, एसएफएस प्रमुख पलक उइके एसएफएस सह प्रमुख राजकुमार मसराम,आर के एम प्रमुख निकिता रजक, आरकेएम सह प्रमुख रीता विश्वकर्मा, खेलो भारत प्रमुख हर्ष परते, खेलो भारत सह प्रमुख सौरभ यादव, स्टडी सर्किल प्रमुख रजनी पंद्रे, एनसीसी प्रमुख कमल सिंगराम, सह प्रमुख मोहित मसराम को बनाया गया।

## मोंटफोर्ट स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** मोंटफोर्ट स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में चौथी कक्षा की छात्रा, श्रीमती शुभांगी शुक्ला की बेटी साया क्लिंट टंडेसरी ने वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट पर एक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। साया ने इस मॉडल के माध्यम से यह दर्शाया कि फैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी को कैसे शुद्ध किया जा सकता है और उसे दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है। साया क्लिंट टंडेसरी का यह मॉडल फैक्ट्रियों के गंदे पानी को शुद्ध करने का समाधान प्रस्तुत करता है। बताया गया कि साया के इस मॉडल में दिखाया गया कि गंदा पानी पत्थर, गिट्टी, चारकोल, रेत और कपास जैसे विभिन्न स्तरों से गुजरते हुए कैसे शुद्ध होता है। मॉडल में पंप का उपयोग कर, साया ने पूरी प्रक्रिया को सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य हाउसिंग कॉलोनियों और घरेलू कार्यों में पुनः प्रयोग योग्य पानी तैयार करना है। इस वर्किंग मॉडल ने विद्यालय में उपस्थित दर्शकों और शिक्षकों का खूब ध्यान आकर्षित किया और साया के इस प्रयास को सभी ने सराहा। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को विज्ञान के प्रति बच्चों में रुचि को बढ़ाने और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## बच्चों को गर्म स्वेटर बांट कर मनाया बाल दिवस

**मंडला, देशबन्धु।** एकीकृत शासकीय सीनियर बेसिक माध्यमिक शाला बम्हनी बंजर में बाल दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त बसंत दुबे व शिक्षकों द्वारा जरूरतमंद बच्चों को सर्दी के मौसम में मुफ्त स्वेटर वितरित किये गए। बच्चे स्वेटर पाकर उत्साहित हुए। सेवानिवृत शिक्षकों के सराहनीय पहल की प्रसंशा नगर में हो रही है। इस पहल को देखकर आने वाले समय में अन्य लोगों ने भी अपना हांथ आगे बढ़ाया है।

जानकारी के अनुसार बेसिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों को स्वेटर देकर उन्हें सर्दी से बचाने का प्रयास किया गया। नगर के जनप्रतिनिधियों ने सभी शिक्षकों का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हुए इस कार्य की सराहना की। इस अवसर पर शिक्षकों ने 50 से अधिक बच्चों को मुफ्त स्वेटर दिए। इसके साथ ही बच्चों ने रंगोली और चित्रकला में भाग लिए। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बसंत दुबे, प्रधान अध्यापक घनश्याम साहू, बसंत उपाध्याय, सुश्री विद्या माध्यमिक शिक्षक बाल कृष्ण सिंगौर, श्रीमती पूजा श्रीवास्तव , रत्ना सोनी, तान्या हरदहा, स्कूल मदर रैम्मा टेकाम सहित नगर अध्यक्ष अरविंद मीना हरदहा, सुनीत सोनम चौरसिया जगदीश हरदहा आशीष उइके व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जनजातीय महापुरुषों के इतिहास को जानने का मौका

### जनजातीय गौरव दिवस पर सामूहिक सैला नृत्य की सेमरखापा में धूमा





**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसामुंडा की जयंती वर्ष के अवसर पर पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। यही वजह है कि पूरे देश में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर उनकी संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज व लोक कलाओं पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जनजातीय महापुरूषों के इतिहास के बारे में अवगत कराया जा रहा है, जो कि जनजातीय समाज के लिए गौरव की बात है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शुक्रवार को भगवान बिरसामुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित सामूहिक सैला नृत्य कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर सामूहिक सैला नृत्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति शैलेष मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सोनाली देव सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण सहित छात्र-छात्राएं, लोक कलाकार और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जनजातियों के पारंपरिक लोकनृत्य, खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा मंडला जिले में जनजातीय समाज के प्राचीन खेल गिल्ली-डंडा, खो-खो, रस्साकसी और पिट्ठू का आयोजन कर इन खेलों को नई पहचान दी गई है। जिले में जनजातियों के विकास और उत्थान के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मंडला जिले के बच्चे खूब मन लगाकर पढ़ाई करें और जिले का नाम रोशन करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जिले के बच्चों को खेलकूद, संगीत, लोक संस्कृति, तकनीकि शिक्षा और विभिन्न कलाओं को सीखकर इन क्षेत्रों में आगे बढने को कहा। जिससे संपूर्ण भारत देश में मंडला जिले की पहचान शिक्षा, खेलकूद, संगीत, लोक संस्कृति, तकनीकि क्षेत्रों में हो सके। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित मंच का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय ने किया।




**मंडला।** मंत्री संपतिया उइके, कलेक्टर, नगरपालिका अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, जिपं सीईओ और अधिकारी, कर्मचारी, लोक कलाकार और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से सैला नृत्य किया।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में बरगी के मछुआरों ने की शिरकत

**मंडला, देशबन्धु।** नेशनल फेडरेशन ऑफ स्माल स्केल फिश वर्कर्स फोरम की बैठक दिनांक 15- 16 नंवबर 2024 को सेवा केन्द्र कोलकाता में किया गया है।इस बैठक में उडीसा, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्रप्रदेश, कश्मीर,तमिलनाडु, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक बिहार, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के मछुआरा प्रतिनिधि शामिल हुए हैं।मध्यप्रदेश से सरदार सरोवर और बरगी बांध के प्रभावित मछुआरे प्रतिनिधि शामिल हैं। इस फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप चटर्जी ने बताया कि सितम्बर 2016 में स्वच्छ पानी में मछली पालन ( इंलेन्ड फिशरीज) करने वाले छोटे मछुआरों के लिए संगठन बना और इनके अधिकारों के लिए नीतिगत हस्तक्षेप शुरू हुआ।2020 में समुद्री मछली पकड़ने ( मेरिन फिशरीज) वाले छोटे मछुआरों की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए उन्हें भी शामिल किया गया।आपने कहा कि जलवायु परिवर्तन संकट और समुन्द्र किनारे बंदरगाह जैसी बडी विकास परियोजनाओं के कारण समुद्री और नदीयों में कार्यरत मछुआरों की आजीविका संकट में है।

मुन्ना बर्मन, जितेंद्र मांझी, हेमेन्द्र मंडलोई, शारदा यादव और राज कुमार सिन्हा ने मध्यप्रदेश में मछुआरों की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया। रिपोर्ट में बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य महासंघ (सह.) मर्यादित द्वारा 7 बडे और 19 मझौले कुल 26 जलाशयों का नियंत्रण किया जाता है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2.29 लाख हेक्टेयर है।पूर्व में राज्य मत्स्य विकास निगम को समाप्त कर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य महासंघ के माध्यम से कार्य का संचालन का उद्देश्य था कि जलाशय और मछुआरा विकास के लिए स्थानीय सक्रिय मछुआरा प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए समस्त गतिविधियां उनके अनुसार संपादित किया जाए।परन्तु मत्स्य महासंघ का दो दशकों से अधिक वर्षों से चुनाव नहीं हुआ है और केवल प्रशासक के माध्यम से कार्य संपन्न कराया जा रहा है । इन जलाशयों में मतसयाखेट करने वाले हजारों मछुआरा परिवारों की आर्थिक और समाजिक स्थिति बहुत कमजोर है।

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने शुक्रवार को सुबह 10 बजे बिरसा मुंडा चौक महाराजपुर में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जनजातीय जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उन्होंने सभी प्रदेश और जिले वासियों को जननायक बिरसा मुंडा जी की जयंती पर बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा लोक गीत और लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने इस अवसर पर जनजातीय सैला नृत्य भी किया। जनजातीय लोक नृत्य ने उपस्थित जन समुदाय का मनमोह लिया। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि जनजातीय जननायक बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध आजादी का बिगुल फूंका था।

## मां कर्मा देवी मंदिर के लिए सांसद, विधायक देंगे 21 लाख रुपए

### कैबिनेट मंत्री व तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष, मंडला सांसद, निवास विधायक की उपस्थिति में हुआ भूमिपूजन

**मंडला, देशबन्धु।** निवास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरिया में मां कर्मा देवी के मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रवि किरण साहू तेलगानी बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े, रामेश्वर साहू, डिंडोरी जिला अध्यक्ष दुर्गेश साहू, साहू समाज प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ लीना साहू, डॉ विजय सरवटे की उपस्थित रही। मुख्य अतिथि रवि किरण साहू ने कहा कि मैंने अपनी यह राजनीति की शुरुवात सामाजिक कार्यों से की है मेरे लिए समाज ही सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि पिपरिया ग्राम में समाज की एकता को देखकर ऐसा लग रहा हैं कि अब हमारा समाज एक बढ़ते कदम की ओर हैं।

उन्होंने कहा कि जब हमारा यह मंदिर बनकर तैयार होगा तो एक बड़ा कार्यक्रम कर मंदिर का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। जिसमें विमान से पुष्प की वर्षा भी कराई जाएगी जो कि ऐतिहासिक लोकार्पण होगा। बताया गया कि केबिनेट मंत्री रविकिरण साहू नंगे पैर पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम पर पहुंचे मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि साहू समाज द्वारा यह मां कर्मा देवी का मंदिर का निर्माण कराया जा रहा हैं बहुत ही सराहनीय हैं। वही उन्होंने अपने सांसद निधि से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की हैं।

कार्यक्रम में निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े ने कहा कि समाज के हर युवा वर्ग ओर वरिष्ठजन को समाज के लिए आगे आना होगा और संगठित होकर कार्य करना होगा रविकिरण साहू द्वारा प्रदेश ही नहीं बल्कि अलग-अलग राज्यों में जाकर जिस तरह समाज को जगाने का कार्य किया जा रहा है सराहनीय हैं। उन्हीं के अथक प्रयास ओर ग्राम पिपरिया सहित आसपास के ग्रामों के साहू समाज ने मां कर्मा देवी मंदिर का निर्माण कराया है। वह क्षेत्र में यह पहला मंदिर होगा वही उन्होंने अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की हैं।

**आसपास क्षेत्र के पहुंचे लोग-** कार्यक्रम पर जबलपुर जिले के जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू सहित अन्य अतिथियों ने अपने विचार प्रगट किए उक्त कार्यक्रम पर बड़ी संख्या में मंडला, डिंडोरी सहित आसपास के क्षेत्रों से साहू समाज का विशाल जन समूह देखने को मिला। कार्यक्रम पर पिपरिया ग्राम के सभी साहू समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने ने अपना सहयोग प्रदान किया। साथ ही भोजन की व्यवस्था भी की गई थी कार्यक्रम में मंच का संचालन बद्री साहू साहू समाज प्रदेश महामंत्री और बल्लू साहू ने किया।

**आतिशबाजी से स्वागत-** जबलपुर से केबिनेट मंत्री रवि किरण साहू का काफिला निवास की और निकला जहां काफिला का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं निवास साहू समाज के युवाओं ने उनके काफिले का और कैबिनेट मंत्री रवि किरण साहू का आतिशबाजी एवं वाहन रैली निकालकर स्वागत किया गया। आभार व्यक्त संजय साहू ने किया।